संख्या-50/2022/449/23-14-2022-12जनरल/2022

प्रेषक,

प्रभुनाथ,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

मुख्य विकास अधिकारी,
बांदा, महोबा, हमीरपुर एवं जालौन।

लोक निर्माण अनुभाग-14 **लखनऊ: दिनांक- 17 अगस्त, 2022**

विषय- बुन्देलखण्ड विकास निधि (राज्यांश) अनुदान संख्या-83 के अन्तर्गत जनपद-बांदा महोबा, हमीरपुर एवं जालौन की 19 परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में अवशेष धनराशि का आवंटन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य विकास अधिकारी, बांदा के पत्र संख्या-514/ए-3, दिनांक 30.04.2022, पत्र संख्या-517/ए-3, दिनांक 30.04.2022, पत्र संख्या-1211/बी-2, दिनांक 11.05.2022, पत्र संख्या-1213/बी-2, दिनांक 11.05.2022, मुख्य अभियन्ता, बांदा क्षेत्र, लो0नि0वि0 बांदा के पत्र संख्या-1215/10 लेखा-बॉ0क्षे0/2022, दिनांक 23.05.2022, मुख्य विकास अधिकारी, हमीरपुर के पत्र संख्या-146/बु0वि0नि0रा0/2022, दिनांक 13.06.2022, पत्र संख्या-637/सी0-1/लो0नि0वि0(नो0)/बु0वि0नि0(रा0)/2022-23, दिनांक 10.05.2022, मुख्य विकास अधिकारी, जालौन का पत्र संख्या-1654/बु0वि0नि0(राज्यांश)/22-23, दिनांक 30.07.2022 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा जनपद-बांदा महोबा, हमीरपुर एवं जालौन की कतिपय परियोजनाओं का उपयोगिता प्रमाण-पत्र आदि उपलब्ध कराते हुए अवशेष धनराशि अवमुक्त किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि निम्नांकित तालिका के कॉलम संख्या-2 में अंकित जनपद-बांदा महोबा, हमीरपुर एवं जालौन की 19 परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में अगली किस्त के रूप में धनराशि रू0 9,93,33,000.00 (रूपये नौ करोड़ तिरान्वे लाख तैंतीस हजार मात्र) अवमुक्त करते हुये आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

धनराशि (लाख रू0 में)

क्र0 सं0	परियोजना का नाम/ जनपद	मूल शासनादेश संख्या एवं दिनांक	लम्बाई (कि0मी0)	प्रशासकीय/प्रावैधिक स्वीकृति	कुल अवमुक्त धनराशि	वित्तीय वर्ष 2022-23 में धनराशि का आवंटन
1	2	3	4	5	6	7
1	मलिन पुरवा से तेन्दुरा तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य। **जनपद बांदा**	72/2021/306/23-14-2020-03आ0बु0वि0नि0/2020टी0सी0, दिनांक 12.03.2021	2.500	161.06	107.47	50.00
2	कुरौली सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य। **जनपद बांदा**	तदैव	2.800	179.12	115.59	50.00
3	बदौसा-चौसड़ मार्ग से माधव तिवारी का पुरवा होते हुए बलुवा	तदैव	1.500	97.27	89.86	6.93

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

	यादव के पुरवा तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य। **जनपद बांदा**					
4	अजीतपारा से इटरा-मिलौली सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य। **जनपद बांदा**	तदैव	3.500	222.22	134.99	50.00
5	अजीतपारा से नाई सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य। **जनपद बांदा**	तदैव	4.500	284.07	162.82	56.81
6	खुरहण्ड स्टेशन से नहर पटरी तक आर0सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य। **जनपद बांदा**	तदैव	0.60	132.23	94.50	36.87
7	मनीपुरवा से अडवाखोर वाया गंगापुरवा से पडुई सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य। **जनपद बांदा**	तदैव	5.00	363.68	198.65	72.73
8	इलाहाबाद मार्ग से अवस्थी फार्म होते हुए सौंता तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य। **जनपद बांदा**	तदैव	4.50	258.74	151.42	51.74
9	हस्तम से नाई दुरई सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य। **जनपद बांदा**	तदैव	2.80	230.67	138.79	50.00
10	पिण्डारन से समगरा नहर पटरी सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य। **जनपद बांदा**	9/2022/आई0/130548/2022, दिनांक 07.01.2022	3.30	270.81	5.42	54.16
11	बांदा-बबेरू मुख्य मार्ग से (गायत्री मंदिर) कोर्रम तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य। **जनपद बांदा**	तदैव	5.00	324.30	6.49	64.86
12	जमुनीपुर से ग्राम गुरेह तक। **जनपद बांदा**	तदैव	4.00	234.69	4.69	50.00
13	लखनपुर (जगऊटोला) सम्पर्क मार्ग से बेनामऊ सम्पर्क मार्ग। **जनपद बांदा**	तदैव	5.20	388.71	7.77	77.74
14	लखनपुर से सिंहवाहिनी मंदिर होते हुये बीरा सम्पर्क मार्ग। **जनपद बांदा**	तदैव	4.20	357.34	7.15	71.46
15	सिकलोढ़ी मोड़ से पवई ग्राम तक सम्पर्क मार्ग। **जनपद बांदा**	57/2021/149/23-14-2021-02आ0बु0वि0नि0/2020टी0सी0, दिनांक 08.03.2021	3.00	179.96	8.99	50.00
16	राठ कुछेछा मार्ग से नहर पटरी होते हुए कोठापुल तक सम्पर्क मार्ग। **जनपद हमीरपुर**	111/2021/312/23-14-2021-11आ0बु0वि0नि0/2020, दिनांक 19.03.2021	3.30	183.77	40.00	50.00
17	रामनारायण के खुडे से चौपड़ा होते हुए सूपा तक मार्ग निर्माण। **जनपद महोबा**	123/2021/366/23-14-2020-11आ0बु0वि0नि0/2021, दिनांक 24.03.2021	3.60	220.66	40.00	50.00
18	गौरहारी से विजयपुर अण्डवारा सम्पर्क मार्ग। **जनपद महोबा**	तदैव	3.70	219.71	40.00	50.00
19	कुठौंदा से गडरना मार्ग एवं मारगपुरा सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य। **जनपद-जालौन**	9/2022/आई0/1530548/2022, दिनांक 30.07.2022	0.900	66.20	1.32	50.00
		;kX	**63.90**	**4375.21**	**1355.92**	**993.33**

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

3- यह धनराशि केवल उक्त परियोजनाओं पर ही मानक/विशिष्टियों के अनुरूप व्यय की जायेगी तथा इसका उपयोग अन्य किसी प्रयोजन के लिए नहीं किया जायेगा। इससे इतर व्यय वित्तीय अनियमितता होगी, जिसका सम्पूर्ण दायित्व सम्बन्धित मुख्य विकास अधिकारी का होगा।

4- परियोजनाओं का क्रियान्वयन निम्नांकित शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन किया जायेगा:-

(1) मुख्य विकास अधिकारी का दायित्व होगा कि स्वीकृत कार्य के अवशेष कार्य कड़ी निगरानी में समयबदध ढंग से पूर्ण कराये जायँ। यह सुनिश्चित किया जाय कि आवंटित धनराशि का दुरूपयोग न हो।

(2) उक्त परियोजनाओं पर होने वाले व्यय को स्वीकृत धनराशि तक ही सीमित रखा जायेगा, कार्य की विशिष्टियां, मानक गुणवत्ता की सम्पूर्ण जिम्मेदारी मुख्य विकास अधिकारी की होगी तथा वे यह भी सुनिश्चित करेंगे कि फण्डिंग की डुप्लीकेसी न हो तथा कार्य समय से पूरा हो। इसके लिए वे पूर्णतया उत्तरदायी होगें।

(3) आवंटित धनराशि का आहरण करने के पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि पूर्व आवंटित धनराशि का सदुपयोग कर लिया गया है एवं कार्य का स्थलीय निरीक्षण कर लिया गया है तथा आवंटित धनराशि से कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।

(4) स्वीकृत धनराशि एकमुश्त न आहरित कर कार्य की आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी तथा धनराशि बैंक में न रखी जाय। स्वीकृत धनराशि अनुमोदित कार्यो पर ही व्यय की जायेगी।

(5) परियोजनान्तर्गत विभिन्न निर्माण कार्य/व्यय शासन द्वारा स्वीकृत आगणन के अनुसार ही किये जायेगें।

(6) निर्माण कार्य में प्रयोग की जाने वाली सामग्री का क्रय स्टोर परचेज नियमों तथा समय-समय पर जारी तत्सम्बन्धी शासनादेशों एवं नियमों के अनुसार ही किया जायेगा तथा कार्य के अनुमान/आगणन पर यथा स्थिति सक्षम अधिकारी की तकनीकी स्वीकृति प्राप्त कर ली जायेगी। उक्त परियोजनाओं के लिए स्वीकृत धनराशि का व्यय परियोजनाओं की विस्तृत ड्राइंग/डिजाइन व सर्वेक्षण रिपोर्ट तथा सक्षम अधिकारी की तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात सुनिश्चित किया जायेगा।

(7) स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष योजनावार वित्तीय एवं भौतिक प्रगति आप द्वारा कार्यदायी संस्था से प्राप्त कर प्रत्येक माह की 07 तारीख तक प्रमुख सचिव, लोक निर्माण अनुभाग-14, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को निर्धारित प्रपत्र पर भेजी जायेगी।

(8) मुख्य विकास अधिकारी द्वारा स्वीकृत धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र बजट मैनुअल के प्राविधानों के अनुसार अनिवार्य रूप से नियत समय पर महालेखाकार, उ0प्र0 व उ0प्र0 शासन को प्रेषित किये जायेगें।

(9) स्वीकृत परियोजनाओं के लिए आवंटित धनराशि का उपयोग दिनांक 31.03.2022 तक अवश्य कर लिया जायेगा तथा परियोजनाओं में जनपद स्तर पर कोई संशोधन/परिवर्तन नहीं किया जा सकेगा।

(10) परियोजनाओं हेतु स्वीकृत की जा रही धनराशि के संबंध में कार्यदायी संस्था फार्म-42 आई पर उपयोगिता प्रमाण-पत्र उपलब्ध करायेगी जो स्थलीय निरीक्षण कराकर कार्य मानक/विशिष्टियों के अनुरूप पूर्णतया संतोषजनक पाये जाने पर उपयोगिता प्रमाण-पत्र अपने प्रतिहस्ताक्षर के उपरान्त फोटोग्राफ्स सहित प्रमुख सचिव, लोक निर्माण अनुभाग-14, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को प्रेषित करेंगे तथा उसकी प्रति मण्डलायुक्त को उपलब्ध करायेंगे। परियोजना पूर्ण होने के उपरान्त यदि कोई धनराशि अवशेष रह जाती है तो अवशेष बच रही धनराशि को ट्रेजरी चालान के माध्यम से कोषागार में सुसंगत लेखा शीर्षक के अन्तर्गत जमा कराकर ट्रेजरी चालान की प्रमाणित प्रति शासन को उपलब्ध करायी जायेगी ।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

(11) मण्डलायुक्त/मुख्य विकास अधिकारी परियोजनाओं के निर्माण कार्य में गुणवत्ता एवं तदुपरांत सृजित परिसम्पत्तियों के रखरखाव की भी समुचित व्यवस्था कर लेंगें, यह भी सुनिश्चित कर लिया जाय कि उक्त कार्य की वर्तमान तथा भविष्य में अन्य योजनाओं में पुनरावृत्ति न हो।

(12) परियोजनाओं की मात्राओं को निर्माण के समय सुनिश्चित किये जाने हेतु कार्यदायी संस्था के सक्षम अधिकारी पूर्णतया उत्तरदायी होंगे।

(13) स्वीकृत की जा रही धनराशि व्यय/उपयोग हेतु भारत सरकार/राज्य सरकार द्वारा एस0सी0एस0पी0/टी0एस0पी0 हेतु निर्धारित मानक तथा दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

5- उपर्युक्त परियोजनाओं के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के लिए सम्बन्धित मुख्य विकास अधिकारी उत्तरदायी होंगे एवं तदनुसार कार्य कराने हेतु कार्यदायी संस्था से प्रभावी समन्वय बनाये रखेंगे ।

6- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-83 के अन्तर्गत "पूँजीलेखा-4575-अन्य विशेष क्षेत्र कार्यक्रम पर पूँजीगत परिव्यय-02-पिछड़े क्षेत्र-789-अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना-04-बुन्देलखण्ड की विशेष योजनायें-24-वृहत निर्माण कार्य" में उपलब्ध धनराशि से वहन किया जायेगा।

7- यह आदेश वित्त (आय व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022, दिनांक 07 जून, 2022 में प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,
प्रभुनाथ
विशेष सचिव।

संख्या-50/2022/499(1)/23-14-2022-तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उ0प्र0, प्रयागराज ।
2- महालेखाकार, लेखा परीक्षा प्रथम व द्वितीय, प्रयागराज ।
3- सम्बन्धित मण्डलायुक्त।
4- सम्बन्धित जिलाधिकारी/वरिष्ठ/मुख्य कोषाधिकारी।
5- प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
6- मुख्य अभियन्ता (मुख्यालय-1) लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
7- सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
8- सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग ।
9- वरिष्ठ आडिट आफीसर (आडीटर प्लानिंग) कार्यालय महालेखाकार, लेखा परीक्षा प्रथम सत्यनिष्ठ भवन, 15 नार्थहिल रोड, प्रयागराज ।
10- वेब अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
11- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8/लोक निर्माण अनुभाग-10
12- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
नीरजा सक्सेना
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।